## संक्षिप्त

### शिक्षिका की स्कूटी से गिरने से मौत

**टोंक,** (निसं)। मेहंदवास थाना क्षेत्र के करिमपुरम में एक सरकारी स्कूल की शिक्षिका की स्कूटी से गिरने से मौत हो गई। थाना अधिकारी सुरेश चौधरी ने बताया की राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय करीमपुरा में कार्यरत मृतक नीतू साहू पत्नी अविनाश साहू निवासी शर्मा कॉलोनी की उम्र 33 साल अपने स्टाफ टीचर के साथ स्कूटी पर बैठकर आ रही थी तभी अचानक स्कूटी पिंचर हो जाने से बेलेंस बिगड गया, जिससे वह नीचे गिर गई। इससे नाक, कान में से खून आने लगा। जहां आसपास खडे लोगों ने उसे घायल अवस्था में टोंक जिला सआदत हॉस्पिटल पहुंचाया, जहां उसे उपचार के दौरान डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार 5 सितम्बर को ही मृतक नीतू साहू का जन्मदिन था, जिसे बच्चों द्वारा और स्टॉफ साथियों द्वारा स्कूल में ही मनाया गया, जब इस घटना का पता स्टाफ साथियों को लगा तो सभी में शोक की लहर दौड गई। वही ग्रामीणों में भी मायूसी छा गई। पुलिस द्वारा शव का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा।



नीतू साहू

### विधायक ने सुने अभाव-अभियोग

**कोटपूतली,** (निसं)। विधायक हंसराज पटेल ने गुरूवार को अपने निवास स्थित कार्यालय पर नियमित जनसुनवाई करते हुये आमजन के अभाव अभियोग सुने। वहीं जन समस्याओं व शिकायतों का समाधान करते हुये उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को दूरभाष पर आमजन की शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि इस तरह की परिस्थिति ना बने कि ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिये सरकारी कार्यालयों के चक्कर काटने पडे। इस दौरान भाजपा मण्डल अध्यक्ष एड. रमेश रावत, भाजपा नेता जयराम सिंह गुर्जर, सरपंच सुबेदार जयसिंह रावत सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### डीजल चुराने वाली गैंग का आरोपी पकड़ा

**निवाई,** (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग पर खडे वाहनों से डीजल चुराने की गैंग का एक ओर आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी हरिराम वर्मा ने बताया कि डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में गठित टीम ने अलग-अलग जगह पर दबिश देकर गैंग में शामिल आरोपी उगमता उर्फ राहुल उर्फ गुट्या मोग्या निवासी हिंगोटिया हाल निवासी पांच कुआं कच्ची बस्ती निवाई को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि पूर्व में डीजल चोरी के आरोप में कमलेश माली व कर्मा उर्फ सुमन मोग्या को भी गिरफ्तार किया था। टीम में थानाधिकारी वर्मा सहित है.का. जीतपाल, नीरज, अजीतसिंह, का. राधाकिशन, गजेन्द्र, फोरंता शामिल है।

### अजीतपुरा में ढहा कच्चा मकान

**निवाई/गुंसी,** (निसं)। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश के चलते गुंसी ग्राम पंचायत के गांव अजीतपुरा में एक कच्चा मकान ढह गया। अचानक ढहे मकान में रखा हुआ घरेलू सामान खराब हो गया। पीडित गंगासहाय बैरवा ने बताया कि कई दिनों से हो रही लगातार बारिश के चलते बुधवार की रात उसका कच्चा मकान ढह गया। उन्होंने बताया कि मकान के ढहने से उसमे रखा घरेलू सामान मिट्टी में दबने से बेकार हो गया है।

### दो घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी

**निवाई,** (निसं)। शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में शुक्रवार को 2 घंटे विद्युत सप्लाई बंद रहेगी। विद्युत विभाग के सहायक अभियंता विनोद कुमार बैरवा ने बताया कि 132 केवी जीएसएस निवाई पर 33 केवी बस स्टेण्ड का त्रैमासिक रख रखाव व जले हुए जम्पर को बदलने का कार्य किया जाएगा। जिसको लेकर सुबह 9 से 11 बजे तक शहरी व ग्रामीण क्षेत्र की बिजली बंद रहेगी।

### कृषक गोष्ठी का आयोजन

**पीपलू,** (निसं)। ग्राम पंचायत रानोली में पोषक तत्व प्रबंधन अभियान के अंतर्गत कृषक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर कृषि अधिकारी रूपचंद साहू, कृषि पर्यवेक्षक जीतू वर्मा, रामजीलाल गुर्जर, पप्पू गुर्जर, रामावतार गुर्जर, शंकरलाल, किशनलाल आदि कृषक मौजूद रहे।

# गुरू बच्चों का मार्गदर्शन कर भविष्य तैयार करता है : संजय शर्मा

■ उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों व प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान

**अलवर,** (निसं)। वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संजय शर्मा ने कहा कि शिक्षक समाज की वह कडी है जो बच्चों को गुणवान व संस्कारवान बनाकर देश के नवनिर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

मंत्री शर्मा ने गुरूवार को राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबास सेक्टर 4 काला कुआं में करीब 23 लाख रुपए की लागत राशि से निर्मित होने वाले दो कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया। उन्होंने शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे देश का भविष्य है तथा माता-पिता के बाद गुरू का स्थान सर्वोपरि होता है। गुरू ही बच्चों का मार्गदर्शन कर उनके भविष्य को तैयार करता है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर साबित होगी तथा इससे बच्चों के शैक्षणिक स्तर में वृद्धि होगी।

उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र अलवर में राज्य सरकार द्वारा समसा के माध्यम से 26.37 लाख रूपये की राशि से रा.उ.मा.विद्यालय शिवाजी पार्क में दो कक्षा-कक्ष, 29.88 लाख रूपये की राशि से रा.बा.उ.मा. वि. रामगोपाल खन्ना स्कीम नं. 2 में दो कक्षा-कक्ष, 47.10 लाख रूपये की राशि से रा.उ.प्रा.वि. आर्यनगर में 4 कक्षा-कक्ष, 47.10 लाख रूपये की राशि से रा.उ.मा.वि. सोनावा में 4 कक्षा-कक्ष, 13.67 लाख रूपये की लागत राशि से रा. प्रताप उच्च मा. वि. में एक कक्षा-कक्ष, 15.93 लाख रूपये से रा.उ.मा.वि रेल्वे स्टेशन में एक लैब एवं अलवर डाईट में 7 करोड रूपये की राशि से रिनोवेशन कार्य कराए जाने की स्वीकृति प्रदान करने पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं शिक्षा मंत्री श्री मदन दिलावर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने विद्यालय में यूआईटी द्वारा 5 लाख रूपये की लागत से बालिका शौचालय बनवाने की घोषणा।

मंत्री शर्मा ने शिक्षक दिवस पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले रा.प्रा.वि. मंगलेश्वर बास रामगढ के शिक्षक महेश चन्द, महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय थानागाजी के शिक्षक मदन लाल यादव एवं रा.उ.मा.वि गढबसई थानागाजी के शिक्षक जीवन लाल वर्मा को शॉल ओढाकर व स्मृति चिन्ह एवं प्रत्येक को 11000 हजार का चेक प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने 8वीं, 10वीं व 12वीं में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को टैब प्रदान कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर नगर निगम के महापौर घनश्याम गुर्जर, जिला अध्यक्ष अशोक गुप्ता, सीडीईओ मनोज शर्मा, मुकेश किराड, प्रधानाचार्य शीला यादव, पं. धर्मवीर शर्मा, पं. जलेसिंह, मनोज चौहान, जितेन्द्र गोयल, बीना नरूका, धीरज जैन, सतीश यादव, लोचन यादव, संजय जसईवाल, सीताराम चौधरी, सुमन चौधरी, दीपक पंडित, राजेन्द्र कसाना सहित प्रबुद्ध व्यक्ति एवं बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।



वन मंत्री संजय शर्मा ने 23 लाख की लागत से निर्मित होने वाले कक्षा-कक्षों का शिलान्यास किया।

### प्रतिभावानों को बांटे टेबलेट

**मालपुरा,** (निसं)। भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाते हुये मालपुरा ब्लॉक के सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों का सम्मान कर मेघावी विधार्थियों को टेबलेट का वितरण किया गया।

पीएम श्री राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय मालपुरा में आयोजित ब्लॉक स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह में पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, केबिनेट मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की धर्मपत्नि राधा चौधरी, भाजपा मंडल अध्यक्ष त्रिलोक चन्द जैन,भाजपा उधोगप्रकोष्ठ प्रदेश पदाधिकारी नरेन्द्र कुमार जैन, पीईईओ अल्का पारीक, पार्षद नेहा विजय ने शिक्षक धनसिंह, शिवरतन सैनी व मनोज प्रजापत को शिक्षक सम्मान से सम्मानित कर ब्लॉक के मेघावी विधार्थियों को टेबलेट वितरण किया। पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने मौजूद विधार्थियों व अभिभावकों को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षक हमारे जीवन को शिक्षारूपी ज्ञान से प्रकाशित कर उन्नति का मार्ग दिखाते है।

# भारत को विश्व गुरु बनाने में शिक्षकों का अहम योगदान : शंकर शर्मा

■ हर्षोल्लास के साथ मनाया शिक्षक दिवस, उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान

**दौसा,** (निसं)। जिले भर में गुरुवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस मनाया गया। इधर शिक्षा विभाग द्वारा पूनम मैरिज लॉन में जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले शिक्षकों को सम्मानित किया गया।

शिक्षा विभाग के तत्वावधान में स्थानीय पूनम मैरिज लॉन में आयोजित जिला स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुये पूर्व विधायक शंकर शर्मा ने कहां कि भारत को विश्व गुरु बनाने में शिक्षकों की अहम भूमिका रही है। शिक्षक दशा एवं दिशा सुधारने में भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते है। भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल शर्मा ने कहा कि शिक्षक हमारी शैक्षिक यात्रा के दौरान मार्गदर्शन, समर्थन और प्रोत्साहन प्रदान करते हैं। उन्होने कहा कि शिक्षक हममें ज्ञान, बुद्धि, संस्कार और वास्तविकता के मूल्यों का संचार करते हैं। बिना गुरु एवं शिक्षक के हमारा जीवन अंधकारमय है। समारोह में पूर्व विधायक शंकर शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. प्रभूदयाल शर्मा, अतिरिक्त जिला कलेक्टर मनमोहन मीणा, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविन्द नारायण सैनी, सहायक निदेशक अशोक कुमार गुप्ता, पूर्व सीडीईओ डॉ. प्रेमवती शर्मा, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी मोहनलाल बैरवा, बृजेश शर्मा ने जिला स्तर पर चयनित शिक्षक डॉ. ज्ञान प्रकाश मेहरा, अनिल कुमार सैनी एवं राधेश्याम कोली का सम्मानित किया।

इससे पूर्व राष्ट्र स्तर पर चयनित शिक्षक रामबाबू ज्योति एवं पूर्व में राज्य एवं जिला स्तर पर सम्मानित शिक्षकों और सेवानिवृत्ति वृद्धजन शिक्षकों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में मेधावी विद्यार्थियों भूमिका शर्मा, भूमिका गोयल, युवराज महावर, राजेंद्र मीणा एवं कमल मीणा को टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी गोविंद नारायण माली ने राज्य, जिला एवं ब्लॉक स्तर पर चयन होने के बारे में शिक्षा विभागीय नियमों की जानकारी प्रदान की। अंत में जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक ओमप्रकाश मीणा ने उपस्थित सभी अतिथियों, शिक्षकों का आभार प्रकट किया। इस दौरान एपीसी रंगलाल मीणा, कपूर चंद कोली, अनिल पनिहार, मुकेश मीणा, मोहनलाल गुर्जर, अजीत बेनीवाल, सहायक लेखा अधिकारी गिर्राज मीणा, सुरेंद्र सिंह, मोहित कटारा, प्रभारी राजेंद्र शर्मा, जिला सतत एवं साक्षरता अधिकारी राजीव शर्मा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। मंच संचालन प्रधानाचार्य चंद्रकांत शर्मा, पुष्पेंद्र शर्मा, नवनीत शर्मा ने किया।

स्कूल क्रान्ति संघ जिला दौसा के तत्वावधान में शिक्षक दिवस पर राष्ट्रीय बाल शिक्षण केंद्र दौसा पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसी प्रकार रोटरी क्लब दौसा एवं विप्र फाउंडेशन दौसा के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को लिटिल चॉइस स्कूल में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में संगीत योग आत्मरक्षा और विषय ज्ञान के क्षेत्र में पारंगत अलग-अलग शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में केदार महेश्वरा, योग गुरु सुरेश, संस्कृत में लोकेश शर्मा, जूडो कराटे शिक्षक पवन शर्मा, साहित्यकार डॉ निर्मला शर्मा, संगीत के क्षेत्र में राहुल शर्मा सहित 40 शिक्षकों का शॉल उडाकर माला पहनकर तथा प्रशस्ती पत्र और श्रीफल देकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को श्री संत सुंदर दास राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, दौसा में राष्ट्रीय सेवा योजना के तीन दिवसीय आमुखीकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई एवं शिक्षक दिवस मनाया गया।



अलवर में नेक कमाई फाउंडेशन की ओर से राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय खरखडा में सभी बच्चों को शिक्षण सामग्री सहित बैल्ट, टाई और आईकार्ड प्रदान किए गए। अब बच्चे टाई, बैल्ट और गले में आई कार्ड पहनकर आएंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि समाजसेवी परमजीत सिंह गोगिया थे जबकि अध्यक्षता संरक्षक दौलत राम हजरती ने की। कार्यक्रम में राष्ट्रपति पुरस्कार से सम्मानित शिक्षिका आशा सुमन को उनकी सेवाओं के लिए नेक कमाई शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक हरिमोहन मीणा, शिक्षक कुलदीप यादव, चीनू गुप्ता, पूनम सैनी, रुचिका धवन और हीरा गुर्जर को सम्मानित किया गया।

### रास्ते में बारिश का पानी भरने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

■ मुख्य रास्ते में भरे पानी में से जाना पड़ता है छात्रों को

**निवाई,** (निसं)। ग्राम पंचायत मूंडिया की बडली की ढाणी में जाने वाले मुख्य रास्ते में बारिश का पानी भर जाने से ढाणी वालों को परेशानियों का सामना करना पड रहा है।

ग्रामीण रामधन मीणा, सुरेश मीणा, रामफूल मीणा, रामनाथ मीणा, रामनारायण मीणा, प्रहलाद मीणा, पदम मीणा व रामप्रसाद मीणा ने बताया बारिश के मौसम में इस रास्ते में पानी भर जाता है जिससे ढाणी वालों को आने-जाने में काफी परेशानी उठानी पड रही है। गांव के आम रास्ते में कुछ प्रभावशाली लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। जिसके कारण रास्ता बिल्कुल सिकुड रखा है। ढाणी में राजकीय प्राथमिक विद्यालय संचालित है। जिसमें विद्यार्थीयों को पढने के लिए रास्ते में भरे हुए पानी में से होकर स्कूल जाना पडता है। ढाणी में करीब 6 सौ लोगों की जनसंख्या निवास करती है। उन्होंने बताया कि ढाणी में जब किसी की मौत हो जाती है तब ढाणी वालों को भी इसी रास्ते से गुजरकर दाह संस्कार के लिए श्मशान जाना पडता है। ढाणी वासियों द्वारा इस रास्ते की समस्या को लेकर कई बार उपखंड अधिकारी, तहसीलदार व पंचायत प्रशासन को भी अवगत करवाया जा चुका है। उसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में भारी रोष व्याप्त है।

# नगर परिषद के उपचुनाव स्थगित करने के विरोध में कांग्रेसियों ने दिया धरना

■ सांसद मुरारीलाल मीणा ने प्रजातंत्र की हत्या का आरोप लगाया

**दौसा,** (निसं)। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रामजीलाल ओड एवं सांसद मुरारीलाल मीणा के नेतृत्व में जिले भर के कांग्रेसियों ने गुरुवार को राज्य चुनाव आयोग द्वारा एनवक्त पर नगर परिषद के वार्ड 17 के उपचुनाव स्थगित किये जाने के विरोध में शहीद स्मारक कलेक्ट्रेट पर धरना दिया तथा धरना के बाद गिरफ्तारी दी।

जानकारी अनुसार दौसा नगर परिषद के वार्ड 17 में गुरुवार को उपचुनाव को लेकर मतदान होना था। राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को एनवक्त पर उप चुनाव को लेकर जारी की गई अधिसूचना को प्रत्यारित कर ली, जिसके चलते जिला निर्वाचन अधिकारी देवेन्द्र कुमार ने उपचुनाव स्थगित कर दिये। इधर एनवक्त पर उपचुनाव स्थगित किये जाने की सूचना मिलने के साथ ही कांग्रेसियों में उबाल आ गया तथा बुधवार को उपखण्ड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर निर्धारित व तय सीमा में उपचुनाव के लिए मतदान कराये जाने की मांग की साथ ही मांग स्वीकार नहीं किये जाने पर गुरुवार को शहीद स्मारक कलेक्ट्रेट पर धरना देने, रैली निकालने एवं गिरफ्तारी देने का एलान किया था। इसके चलते गुरुवार को सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी शहीद स्मारक कलेक्ट्रेट पर एकत्रित हो गये तथा सरकार एवं चुनाव आयोग के खिलाफ नारेबाजी शुरु कर दी।

इस दौरान सांसद मुरारीलाल मीणा ने कहा कि मानवता और प्रजातंत्र की हत्या करने वाली भाजपा पार्टी ने नगर परिषद दौसा के पार्षद के उपचुनाव को निरस्त जब किया तब पोलिंग पार्टी वोट डलवाने के लिए बूथ पर पहुंच चुकी थी। सुप्रीम कोर्ट के आदेश अनुसार चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात किसी भी हालत में चुनाव निरस्त नहीं किए जा सकते, जबकि भाजपा ने अपनी हठधर्मिता दिखाई। जिलाध्यक्ष रामजीलाल ओढ ने कहा कि दौसा में पार्षद के उपचुनाव में जमानत जप्त का अंदेशा से डर कर उपचुनाव को कैंसिल करवाया हम सभी कानूनी और राजनीतिक लडाई दोनो लडेंगे साथ ही भाजपा को सद्बुद्धि यज्ञ करके सोई हुई सरकार को जगाने का प्रयास करेंगे। बांदीकुई पूर्व विधायक जीआर खटाना ने कहा कि जब से भाजपा सत्ता में आई ही तब से इनका अहंकार सर चढ कर बोल रहा है। धरना को जिला प्रमुख हीरालाल सैनी, पीसीसी सदस्य कमल मीणा, नगर अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, दौसा प्रधान प्रहलाद रोहडा, मोहनलाल मीणा, दिनेश मीणा, शिवराम मीणा, डीसी बैरवा, महादेव खुंटला, खेमराज मीणा, बांदीकुई चेयरमैन इंदिरा बैरवा, राकेश चौधरी, रहीस भाई, लटूरमल सैनी, अमरसिंह प्रजापत ने सम्बोधित किया। इस दौरान पूर्व जिला प्रमुख अजीतसिंह महवा, बनवारीलाल मीणा, कल्याण सहाय वर्मा, पूर्व पालिका अध्यक्ष दिनेश मिश्र, महेश डोलिका, जगदीश पोटर, युवा कांग्रेस अध्यक्ष दीपक पुरोहित सहित कार्यकर्ता मौजूद थे। धरना एवं प्रदर्शन के बाद कांग्रेसियों ने गिरफ्तारी दी।



धरने को सांसद मुरारीलाल मीणा ने संबोधित किया।

## सार-समाचार

### 11 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान



**राजगढ,** (निसं)। लायंस क्लब की ओर से पंचायती पुस्तकालय एवं वाचनालय में शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर 11 श्रेष्ठ शिक्षकों का सम्मान किया गया। पूर्व मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी रामेश्वर दयाल मीणा ने कहा कि शिक्षक शिक्षा के साथ सामाजिक सरोकारों एवं संस्कारों का भी निर्वहन करें। उन्होंने शिक्षक के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि आधुनिक तकनीकी के युग में शिक्षक का कर्तव्य के साथ दायित्व और भी बढ जाता है। उन्होंने श्रेष्ठ शिक्षकों के उज्जवल भविष्य की कामना की। अध्यक्ष प्रदीप महावर की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 11 शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान नरेंद्र शर्मा, धर्मराज चौधरी, आशा शर्मा, अनिल ठठेरा, अनीता शर्मा, नीलम शर्मा, सोनू कुमारी एवं विमला शर्मा सहित अन्य शिक्षक सम्मानित हुए। इस अवसर पर रूप नारायण शर्मा, मदन लाल शर्मा, भूपेंद्र शर्मा, नंदलाल बैरवा, एन एल वर्मा, अजय यादव, एवं अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

### श्री सिद्धि विनायक मंदिर में मेला कल

**दौसा,** (निसं)। सब्जी मण्डी स्थित श्री सिद्धि विनायक मन्दिर में गणेश चतुर्थी मेला 7 सितंबर को भरेगा। मेले पर गणेशजी की मोदकों की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी। मेले की तैयारियां जोरों पर हैं, वही हलवाई मोदक बनाने में जुटे हुए हैं। सिद्धि विनायक मन्दिर समिति के मंत्री शंकर लाल शर्मा ने बताया कि गणेश चतुर्थी पर शनिवार को भगवान सिद्धि विनायक का विशेष श्रृंगार कर फूल बंगला झांकी सजाई जाएगी। भगवान सिद्धि विनायक को साढे बारह मण मोदकों का भोग लगाया जाएगा तथा विशेष भोग प्रसादी में सवा पांच सवा पांच किलो के 31 मोदक चढाये जाएंगे। मेला महोत्सव के दौरान 6 सितंबर को गणेश जी का पंचामृत अभिषेक किया जाएगा। 7 सितंबर को सुबह 5.15 बजे मंगला-आरती होगी। दोपहर 12.15 बजे भोग आरती व शाम 6.15 बजे महा-आरती होगी। राजेश पारीक ने बताया कि महा-आरती के पश्चात कलाकारों द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

### हादसे में पिकअप में लगी आग

**कोटपूतली,** (निसं)। कस्बे के दिल्ली जयपुर राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित बानसूर कट के समीप अल-सुबह एक पिकअप आगे चल रहे वाहन से टकरा गई। पिकअप चालक ने बताया कि टकराते ही पिकअप में आग लग गई और वह समय रहते पिकअप से नीचे उतर गया। पिकअप चालक के अनुसार हादसा आगे चल रहे वाहन के अचानक ब्रेक लगाने से हुआ। इधर हादसे की सूचना मिलते ही कोटपूतली थाना पुलिस व फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। फायर ब्रिगेड की टीम ने पिकअप में लग रही आग पर काबू पाने के भरसक प्रयास किये लेकिन पिकअप का अधिकतर हिस्सा आग में जल कर क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे में ड्राइवर को हल्की चोटें आई हैं। थाना पुलिस ने चालक गोवर्धन पुत्र राजेश, जाति कश्यप 24 साल, निवासी मकान ईसापुर खेडा द्वारकापुरी, सेक्टर 28 दिल्ली को एम्बुलेंस की मदद से राजकीय बीडीएम जिला अस्पताल में भर्ती करवाया है।

### बिजासन माता के लिए पदयात्रा रवाना

**निवाई/गुंसी,** (निसं)। ग्राम पंचायत गुंसी के बिजासन माता मंदिर से गुरुवार को इंद्रगढ बिजासन माता के लिए पदयात्रा गाजे बाजे के साथ रवाना हुई। पुजारी आशीष प्रजापत ने बताया कि मंदिर प्रांगण में पं. बृजेश शास्त्री के मंत्रोच्चारण एवं विधिवत ध्वज पूजन के बाद पदयात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए रवाना हुई। पदयात्रा पर गांव के मुख्य चौराहों पर पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। पुजारी ने बताया कि यात्रा का पहला विश्राम निवाई मे होगा और यात्रा 9 सितंबर को इंदरगढ बिजासन माता के मंदिर पहुंचेगी।1० सितंबर की सुबह माताजी के ध्वज पताका चढाई जाएगी। इस अवसर पर ग्यारसीलाल गोडला, लक्ष्मीनारायण सैनी, हेमराज बलाई, छोटूराम मीणा, महेश सैनी एवं रामावतार शर्मा सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

### आचार्य शांतिसागर का समाधि दिवस

**निवाई,** (निसं)। श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन अग्रवाल मंदिर में सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान में समाधि सम्राट चारित्र चक्रवर्ती प्रथम आचार्य शान्तिसागर महाराज का 69वां समाधि दिवस मुनि अनुसरण सागर महाराज के सानिध्य में धूमधाम से मनाया गया। चातुर्मास कमेठी के अध्यक्ष सुनिल भाणजा व हितेश छाबडा ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन एवं चित्र अनावरण के साथ किया गया। उसके पश्चात णमोकार महिला मंडल, विशुद्व वर्धनी महिला मण्डल, जिनश्री महिला मंडल, श्री जैन सखी महिला मण्डल द्वारा आचार्यश्री की अष्टद्रव्य से पूजा की गई। मुनि अनुसरणसागर महाराज ने आचार्यश्री के जीवन पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के तहत 48 दिवसीय भक्तामर मण्डल अनुष्ठान में सोधर्म इन्द्र महेन्द्रकुमार, राहुलकुमार लावा, लादी देवी व अपूर्व कुमार भणजा ने भक्तामर स्तोत्र की पूजा अर्चना की। उन्होंने बताया कि शनिवार को भक्ताम्बर महामण्डल विधान के समापन पर भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ निकाली जाएगी। शोभायात्रा में हाथी, बग्गिया व 48 पालकियों पर श्रीजी को विराजमान कर नगर भम्रण कराया जाएगा।

### पुलिस प्रशासन व ग्रामीणजन की बैठक

**टोंक,** (निसं)। ग्राम पंचायत छान पर पुलिस प्रशासन व ग्रामीणजनों की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें मेहन्दवास थाना प्रभारी सुरेश चौधरी व बीट प्रभारी गिर्राज एवं ग्राम पंचायत छान के संरपच भंवरलाल बैरवा, उपसंरपच हेमलता जाट की उपस्थिति में बैठक का आयोजन किया। बैठक में थाना प्रभारी ने बताया कि छान क्षेत्र व अन्य आसपास क्षेत्र में स्मैक जैसी घटनाओं हो रोकने तथा अवैध बजरी, पत्थर खनन व परिवहन पर काबू पाने तथा इसकी सूचना पुलिस प्रशासन को देने हेतु चर्चा की गई। बैठक में पुलिस प्रशासन द्वारा तेज गति से वाहन चलाने से होने वाले नुकसान पर ग्रामीणों को बताया। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहें।

### कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण वितरण के लिए 68 लोग चिंहित

■ 17 सितंबर को बांटे जाएंगे कृत्रिम सहायक उपकरण

**कोटपूतली,** (निसं)। कोटपूतली-बहरोड जिले में दिव्यांगजनों की मदद के लिए भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत कृत्रिम और सहायक उपकरण प्रदाय करने के लिए पंजीयन शिविर का आयोजन किया गया। नीमराना के पंचायत समिति भवन में इस शिविर का आयोजन किया गया।

इस शिविर के लिए नीमराना उपखंड प्रशासन, सामाजिक न्याय विभाग और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने भी सहयोग प्रदान किया। इस पंजीयन शिविर में 150 से ज्यादा दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया। इसके बाद शिविर में 68 दिव्यांजनों को पात्र पाते हुए कृत्रिम अंग व सहायक उपकरण के लिए चिंहित किया गया। आने वाली 17 सितंबर को चिन्हित 68 दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण दिए जाएंगे। सामाजिक न्याय विभाग के सहायक निदेशक रमेश दहमीवाल ने बताया कि इस एक दिवसीय शिविर में जिले भर से दिव्यांगजनों ने अपना पंजीयन कराया। शिविर में सभी पात्र दिव्यांगों का परीक्षण कर उनके आवश्यक दस्तावेजों को प्राप्त कर उनका पंजीयन किया गया।

अब 17 सितंबर को एलिम्को कानपुर की मदद से पात्र दिव्यांगजनों को उपकरण का वितरण किया जाएगा। इससे पूर्व नीमराना पंचायत समिति प्रधान संतोष यादव तथा उपखंड अधिकारी पंकज बडगूर्जर ने आशान्वित ब्लॉक नीमराना में एकदिवसीय शिविर का उद्घाटन किया तथा केंद्र तथा राज्य सरकार द्वारा दिव्यांग जनों के लिए संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई तथा प्रशासन द्वारा सभी योजनाओं का लाभ दिव्यांग जनों को लाभान्वित करने के लिए प्रशासन सदैव प्रतिबद्ध है।